– रोड शो के बाद 50 स्वच्छता प्रहरियों ने की सफाई।
– शहर की सड़के हर समय साफ रहे, इसके लिए निगम आयुक्त श्री अभिषेक सुराणा लगातार चला रहे विशेष अभियान।
– शहर गंदगी मुक्त रहे, इसके लिए हाथों हाथ करा रहे सफाई।
– पहले गणगौर के मेले के दौरान भी चलाया था विशेष सफाई अभियान।
– अब गृह मंत्री अमित शाह के रोड शो के तुरंत बाद हुई परकोटे की सड़को की सफाई।
– निगम आयुक्त श्री अभिषेक सुराणा के की इस पहल की हो रही तारीफ।

सोमवार को परकोटे में गृह मंत्री अमित शाह के रोड शो के तुरंत बाद की शहर की सफाई व्यवस्था के लिए स्वच्छता प्रहरियों ने सफाई अभियान चलाया। हेरिटेज निगम आयुक्त श्री अभिषेक सुराणा ने बताया कि शहर की सड़के हरदम साफ रहे, इसके लिए पूरा निगम प्रशासन तत्पर है। इस दौरान परकोटे के बाजारों में हेरिटेज निगम के करीब 50 सफाईकर्मियों ने सड़क की सफाई की। इस दौरान हेरिटेज निगम के उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह, उपायुक्त सतर्कता पुष्पेन्द्र सिंह तथा तथा मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सोनिया अग्रवाल के निगम अधिकारी मौजूद रहे।